an>

Title: Regarding including Ghatwar tribe of Jharkand in the list of Schedule Tribe.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : माननीय अध्यक्ष महोदया, दिनांक 18.8.2015 को शून्यकाल के दौरान घटवार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मुद्दा उठाया गया था। इस संबंध में मुझे सरकार द्वारा अक्तूबर, 2015 में जवाब भी प्राप्त हुआ, जो जनहित की बजाए सरकारी जवाब था, जो पूर्व से एक सरकारी संस्कृति के रूप में प्रचलित है परंतु वर्तमान सरकार एक लोक-कल्याणकारी सरकार के स्वरूप में है, जो कार्य में विश्वास करती है।

उत्तर में बताया गया है कि जब तक यह समुदाय अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यताप्राप्त थे ये औचित्य के आधार पर बाहर किये गये हैं, उन्हें मान्यताप्राप्त किये जाएंगे। इस कार्य हेतु टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। परंतु टास्क फोर्स की रिपोर्ट शीघ्र प्रकाशित नहीं करने के कारण उन्हें न्याय मिलने में विलम्ब हो रहा है। आपसे आग्रह है कि झारखण्ड के घटवार जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु मेरे द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर, अवलोकन करके शीघ्र न्याय दिलाने का काम करें।